
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 130 • • अप्रेल, 2016 • • मूल्य : 15/- •



## देश भर में हर्षोल्लास से मनाई गई फूले जयंती



# अजमेर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की झलकियां






माली समाज युवा मण्डल, हैदराबाद के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित तेरहवें वार्षिकोत्सव एवं विशाल जागरण के अवसर पर माली सागर म्यूजिकल ग्रुप जोधपुर के रामकिशोर दाधिच भजन प्रस्तुत करते हुए। अवसर पर उपस्थित विशेष अतिथियों का स्वागत करते हुए मण्डल के पदाधिकारी, अवसर पर उपस्थित मण्डल के पदाधिकारीगण एवं भक्तगण।


RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

●वर्ष :11 ●अंक 130 ● 30 अप्रेल, 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

**आवरण कथा**





- पूरे भारत वर्ष में महात्मा फूले जयंति धूमधाम से मनाई गई
- सामूहिक विवाह से बढ़ती है समरसता : श्री प्रभुलाल सैनी
- माली समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ
- सरल, मधुर स्वभाव के धनी ठेकेदार श्री शैतान सिंह सांखला
- धर्म प्रदर्शन का नहीं आत्म दर्शन का गहना - श्री प्रभुलाल सैनी
- दिलबाग सैनी सर्वसम्मति से बने ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष
- लोक संस्कृति से सरोबार हुआ रायपुर
- श्रीमती किरण गहलोत बनी सावित्री बाई फूले जागृति मंच अध्यक्ष
- जनहित की परम्परा को आगे बढ़ाने की अपील
- ''अजमेर सैनी कोचिंग सेन्टर सफलता की ओर अग्रसर
- प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं भक्ति रस की सरिता में झूमें श्रृद्धालु
- माँ चामुण्डा माता जी मेला का भव्य आयोजन
- अमित सांखला महासचिव नियुक्त
- माली समाज जिला कार्यकारिणी, युवा मोर्चा की बैठक आयोजित
- विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से . . .



सुख- दुख मानव जीवन के साथ अविच्छिन्न रूप से जुड़े हुए है। सुख सभी को अच्छा लगता है और दु:ख के क्षणों में सर्वाधिक होता है क्योंकि दु:ख की अवस्था में मनुष्य भगवान के जितना करीब होत ाहै सुख में वैसा नहीं। कहावत भी सच है :- **''दु:ख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरन करें तो दु:ख काहे को होय।''**

दु:ख मानव के व्यक्तित्व को परिष्कृत करने की संभावना को जन्म देता है दु:ख बना ही इसीलिए है कि वह सोये युए को जगाएँ। सुख व्यक्ति को प्रसन्नता देता है, पर दु:ख उसे अशांत कर देता है। परंतु वास्तविकता यह है कि पीड़ा के क्षण मानव जीवन में कीमती अनुभव होता है जिसे वह सुखी अवस्था में प्राप्त नहीं करता। दु:ख में जहाँ मनुष्य अपना खोता है वहीं वो जीवन के प्रति जागृत भी होता है, संभल-संभल कर कदम बढ़ाता है।

दु:ख पीड़ा के क्षण में भी सुख के क्षणों की भांति कीमती होते है। दु:ख कष्ट के क्षणों की तुलना उस समय से की जा सकती है जैसे लोहे को पिघालने हेतु आग की भट्टी में तपाया जाता है जिससे उसकी अशुद्धियाँ हट कर शुद्ध लोहा बन जाता है। फिर उसे मन चाहे आकार में ढाला जा सकता है। ऐसी ही क्रिया अशुद्ध सोने से अशुद्धियाँ हटाने की प्रक्रिया से शुद्ध सोना उपलब्ध होता है। कपड़ों को मैल से मुक्त करने हेतु साबून का प्रयोग किया जाता है। दु:ख कष्ट भी मानव चित्त की शुद्धि का वैसा ही माध्यम है।

प्रारब्धानुसार अनेकानेक जन्मों में किये गये असंख्य शुभ अशुभ कर्म मनुष्य जीवन में सुख-दु:खों का निर्धारण करते है। जो कर्म उसी जीवन में भोग लिये जाते है वे क्रियामाण कहलाते हैं। परंतु संचित कर्म प्रारब्ध के रूप में उसके साथ जन्म जन्मांतरों तक चलते हैं। उनके दु:ख भगवान के अनुग्रह से सारे दुष्कर कर्म सह जात है, कट जाते है या उनकी प्रबलता कम हो जाती है।

महर्षि अरविंद का कथन है कि दु:ख एक तरह से भगवान के हाि का हथौड़ा है। भगवान स्मरण से यदि हथौड़े की चोट लगती भी है तो वह प्रभु द्वारा भीतर ही सहायता प्राप्त अवश्य करता है। अत: हमें दु:ख कष्ट के क्षणों में भगवान पर विश्वास करते हुए उसे जैसा गढ़ना है, जैसा बनाना है। हम बन जाते हैं, पत्नी संतानआदि भी तदनुसार प्राप्त होते हैं।

अत: कभी भी दु:ख, कष्ट से घबराना नहीं चाहिए। ऐसे क्षणों में प्रभु का आंचल पकड़ लेना चाहिए ताकि भटकें नहीं, बिखरे नहीं। गिरने पर भी संभल कर अपनी गति सुधार लें। मीरा व प्रहलाद का जीवन भी ऐसे ही अनेक कष्टों से भरा हुआ था परंतु उनमें भगवान की प्रबल आसाि व सच्ची लग्न, निष्टा थी, भक्ति थी इसीलिए वे हंसते हुए कठिनतम क्षणों को पार कर गये। भगवान का आंचल सदा थामें रहना चाहिए, चाहे जीवन में कैसी भी अच्छी बुरी परिस्थिति क्यों न आ जावें।

## जीवन में कष्ट न हो तो जीवन संवरेगा कैसे . . .



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# पूरे भारत वर्ष में महात्मा फूले जयंति धूमधाम से मनाई गई




जयपुर में महात्मा ज्योति बा फूले कृषि मण्डी का लोकार्पण करते कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी

**जोधपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले की 188 वीं जयन्ती का आयोजन भव्य रूप से माली संस्थान एंव सहयोगी संस्थाओं के द्वारा आयोजित किया गया। सवेरे 10 बजे महामन्दिर स्थित ज्योति बा फूले पार्क पर पुष्पांजली कार्यक्रम रखा गया, इसमें पूर्व विधायक श्री जुगल काबरा, पूर्व मन्त्री श्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व जेडीए अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, पूर्व शहर अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कच्छवाह, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, पूर्व अध्यक्ष श्री श्यामसिंह जी टाक, श्री साहिब राम गहलोत चेतनराम नवल एवं श्रीमती प्रेमलता परिहार सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि थे।

प्रात: 10:30 बजे भाटी मेमोरियल हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इसमें महात्मा गांधी अस्पताल की टीम ने सहयोग किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री जुगल काबरा, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व अध्यक्ष श्री श्यामसिंह जी टाक एवं पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत ने ज्योति बा फूले की नीतियों को विस्तार से बताते हुऐ समाज को शिक्षित करने का आह्वान किया व शिक्षा को पिछडापन को दूर करने का माध्यम बताया।

माली संस्थान के मंत्री श्री हनुमान सिंह गहलोत ने सभी आगंतुको का स्वागत करते हुऐ महात्मा जी के दर्शनो से अवगत करवाया व नारी शिक्षा एंव भ्रूण हत्या रोकने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जयंत सांखला ने किया। इस कार्यक्रम मे जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, पाली, सिरोही तथा जालोर जिले के सैकडो जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई।

**टोंक।** महात्मा फूले की 189वीं जयन्ती पर सोमवार को जिला माली ( सैनी ) समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के नेतृत्व में माली समाज धर्मशाला नैनसुख की बगीया दांगा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा निवाई व टोंक में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु दयाल उर्फ विशाल सैनी ने बताया कि जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के निर्देशानुसार महात्मा फूले जयंती की 189वीं पर सोमवार को जिला युवा मोर्चा माली समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर के नेतृत्व में निवाई में रैली का आयोजन किया गया। जिसे युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर ने झण्डी दिखाकर पुराना चुंगी नाका से रवाना किया, जो मुख्य बाजार होती हुई उपखण्ड अधिकारी कार्यालय



**पहुंची, जहां समाज के युवाओं व प्रबुद्ध लोगों ने निवाई में महात्मा फूले की प्रतिमा लगवाये जाने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसके पश्चात निवाई से दर्जनों युवा टोंक के लिए रवाना हुए और टोंक जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य रैली में भाग लिया, रैली छावनी होते सुभाष बाजार, पांचबत्ती, काफला बाजार, बड़ाकुआ, सबीलशाह की चौकी, सवाईमाधोपुर चौराहा, जिंसी, होते हुए नैनसुख की बगीया माली ( सैनी ) समाज धर्मशाला पहुंच रैली समापन हुआ। इसके पश्चात टोंक व निवाई समेंत आसपास से आये लोगों ने महात्मा फूले की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की और रक्तदान शिविर में भाग लिया। रक्तदान शिविर में 43 युवाओं व महिलाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला माली ( सैनी ) समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि समाज के उत्थान तब तक नहीं होगा जब तक हम समाज में व्याप्त बुराईयों को खत्म नहीं करेगें, उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं का भी बराबर का योगदान है, हमे महिलाओं में एक उमंग और जोश जागाने की जरूरत है। समाज की महिलाएं अपना घर की सार सम्भाल के साथ समाज सेवा में योगदान दे तो समाज विकास की प्रगति पर आगे बढ़ सकता है। सिंगोदिया ने कहा कि माली ( सैनी ) समाज में जागरूकता आने लगी है समाज की महिलाओं व युवाओं ने इतनी बड़ी संख्या में पहली बार रक्तदान कर समाज को एक संदेश दिया है।**

**बर-मारवाड़।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 पाली रोड़ के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले (माली) सैनी शिक्षण संस्थान परिसर में महात्मा ज्योतिबॉ फूले की 189 वीं जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी ने बताया की महात्मा फूले की छायाप्रति पर परिसर में स्थानिय ग्रामीणों तथा माली समाज के लोगों द्वारा फुल माला पहनाकर एक दूसरे का मुह मीठा करवाकर महात्मा फूले की जंयती बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर माली समाज के महेन्द्र चौहान ने समारोह उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुऐ कहा की विश्व के सबसे महान समाज सुधारक महात्मा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा समारोह को सम्बोधित करते हुऐ गणपतलाल बागड़ी ने स्वजाति बंन्धुओं को महात्मा के पद चिन्हों पर चलने का आग्रह किया। इस मौके पर संस्था के सरक्षक कन्हैयालाल चौहान, शिव सेना जिला प्रमुख रतनलाल बागड़ी, संस्था के कोषाध्यक्ष मोहनलाल बागड़ी, रावणा राजपुत समाज के जिलाध्यक्ष मुलसिंह गहलोत, बाबुलाल बागड़ी, हेमाराम बागड़ी, अुर्जनलाल चौहान, लक्ष्मणराम चौहान, योगेन्द्र गहलोत, पिन्टूलाल, धर्मीचन्द गहलोत, विनोद चौहान, सम्पतराज चौहान, सहित कई समाज बंन्धु उपस्थित रहे।

**भीलवाड़ा।** भारत के महान सामाजिक पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले के विचार और उनका दृष्टिकोण आज के इस दौर में भी प्रासंगिक है। युवा, महिला, पुरूष उनके जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर स्वयं का ही नहीं अपितु परिवार, समाज और राष्ट्र का भी कल्याण कर सकते है। यह विचार फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली ने देवरिया बालाजी के समीप स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद आयोजित फूले जयंती पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। माली ने यह भी कहा कि फूले जयंती आती व चली जाती है केवल सभाएं करने, सम्मानित होने और लम्बे चौड़े भाषण देने से हमारा फूले के प्रति दायित्व पूरा नहीं हो जाता। फूले के प्रति आपकी असल श्रृद्धा उस दिन दिखाई देगी जिस दिन उनके जीवन मूल्यों को सच्चे अर्थो में ग्रहण कर लेगे। विचार गोष्ठी से पूर्व फूले के अनुयायियों ने फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर सभी उनके विचारों को अपनाकर उनके बताये मार्ग पर चलने का सकल्प लिया। हालांकि फूले की जयंती 11 अप्रेल सोमवार को मनानी थी, लेकिन माली समाज के व्यक्ति सत्यप्रकाश माली की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से नहीं मना पाये थे। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम 12 अप्रेल मंगलवार को किया गया।

इस अवसर पर संस्था के ऑल इण्डिया सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष योगेश गहलोत, डॉ. दीपचंद सोलंकी, सभापति पीए हरनारायण माली, पार्षद पति दिनेश छीपा, माली युवा सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार माली, नानूराम गोयल, भगत प्रजापत, अशोक राठी, संजय शर्मा, प्रहलाद राय व्यास, कन्हैयालाल माली, जगदीश माली, मदन लाल छुलिवाल, दिनेश माली, गणेश गहलोत, गिरिराज काबरा, सहित संस्था के समस्त पदाधिकारी और सदस्यगण एवं माली समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**बस्सी ।** कस्बे के एनटीपीसी रोड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर फूले सेना



राजस्थान द्वारा शिक्षा क्रांति के अग्रदूत एवं समाज गौरव महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई । इस दौरान फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद सैनी अध्यक्ष, माली समाज विकास संस्थान बस्सी, जयपुर, विशिष्ठ अतिथि शंकरलाल सैनी संरक्षक संस्थान, शंकरलाल सैनी, उपाध्यक्ष माली समाज सांगानेर, अध्यक्षता दीपक सैनी प्रदेशाध्यक्ष फूले सेना राजस्थान ने की। इस मौके पर जगदीश प्रसाद सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले वो महान विभूति थी ,जिन्होने दलित समाज के लिए शिक्षा का पौधा विकसित किया।आज उन्हीं की देन है जिससे आज हमेंशिक्षा का समान अधिकार प्राप्त है। इस मौके पर फूले सेना राजस्थान के प्रदेश सचिव विनोद कुमारसैनी ने माली समाज विकास संस्थान बस्सी जयपुर के पदाधिकारियों से बस्सी क्षेत्र मे शैक्षणिक संस्थान का संचालन करने की मांग रखी।उन्होने कहा कि अगर बस्सी में शैक्षणिक संस्थान संचालित

होता है तो समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा मिलेगी। जिससे युवा अपनाभविष्य बना सकेगें। इस पर संस्थान प्रवक्ता श्रवणलाल सैनी ने कहा किस स्थान के पदाधिकारी आपकी बात से सहमत है जल्द ही इस विचार पर आम सभा का आयोजन किया जायेगा। ओर शीघ्र ही बस्सी में शैक्षणिक संस्थान शुरू करने के प्रयास किए जाएगें। फूले सेना के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सैनी ने समारोह के दौरान कहा कि फूले सेना राजस्थान का विस्तार प्रत्येक गॉव, शहर, तहसील एवं जिले स्तर पर किया जाएगा। जिससे की समाज के युवाओ के बीच जागरूकता का पौधा विकसित किया जा सकें। इस मौके पर संस्थान प्रवक्ता श्रवणलाल सैनी, सचिव बाबूलाल सैनी, नानगराम परोत्या, लल्लूलाल सैनी कोटा सहित फूले सेना राजस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थितथें।



## अजमेर में महात्मा फूले जयंति - ऐतिहासिक उत्सव

सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत, दलितों के मसिहा महात्मा ज्योति बा फूले के जन्मदिन पर समस्त अजमेर सैनी समाज में कार्यरत समाज की विभिन्न संस्थाएँ व समितियाँ मिलकर अखिल भारतीय महात्मा फूले समता परिषद के तत्वाधान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किया।

महात्मा ज्योति बा फूले जंयति को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा पदाधिकारियों व कार्यक्रताओं को अपने अपने कार्यो की जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई। महात्मा ज्योति बा फूले जंयति को ऐतिहासिक बनाने के लिए मूर्त रूप दिया।

महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंति की पूर्व संध्या पर फूले जयंति पर ''द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर'' माली (सैनी) संस्थान, अजमेर के तत्वाधान में सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगला, पटेल मैदान के सामने, अजमेर में आयोजित किया गया। शिविर में 88 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेयर धमेन्द्र गहलोत व सामजसेवी त्रिलोक चनद इन्दौरा ने महात्मा ज्योति बा फूले व सावित्री बाई फूले के चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। सबसे पहले रक्तदान मुकेश सैनी ने शुरू किया इस प्रकार मेड़ता से पधारे विकलांग शिवराज सांखला ने रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया।

महापौर धमेन्द्र गहलोत ने रक्तदान कर समाज में नवसचार का संदेश दिया। इसमें ऊर्वशी भाटी ने अपने पिता किशोर भाटी के साथ तथा अशोक तंवर पत्नी मीना, मनोहर भाटी पत्नी सुमित्रा सहित रक्त दान किया इसके अलावा रक्तदान करने वाले में, उपाध्यक्ष धमेन्द्र टांक, सुनील मालाकार, दिनेश सांखला, रवि उबाना, अरविन्द सिसोदिया, विशाल भाटी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज के सैनी छात्रों ने के.सी. भाटी, शेर सिंह सिसोदिया, राजेश गढवाल, हेमराज सिसोदिया, महेन्द्र तंवर, के.एल. सांखला, मदन लाल महावार, संदीप तंवर, मनीष मारोठिया, जितेन्द्र मारोठिया इत्यादि संस्था सदस्यों ने भी रक्तदान किया महिला शक्ति में इस बार 6 महिलाओं ने घर की चार दिवारी से बाहर निकाल कर रक्तदान किया। यह कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व जनाना अस्पताल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष राजेश भाटी ने सभी का सहयोग देने पर आभार व धन्यवाद दिया। इस अवसर पर माली समाज के सभी पार्षद उपस्थित थे और सभी ने रक्त दान किया। अखिल भारतीय महात्मा फूले समता परिषद अजमेर के तत्वाधान में अजमेर क्लब स्थित, ज्योतिबा सर्किल पर स्थित, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा पिछडों व दलितों के मसीहा व नारी शिक्षा के प्रेरक ''महात्मा ज्योतिबा फूले'' की 189वीं जयंति पर पुष्प व माल्यार्पण किया।

प्रात: 9 बजे अजमेर की सभी संस्थाएँ, संगठन, राजनैतिक पार्टियों के सभी पदाधिकारी अधिकारिगण व सभी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित होकर पुष्प व माल्यापार्ण अर्पित किया तथा महात्मा ज्योतिबा फूले के दर्शायें मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने महात्मा ज्योतिबा फूले अमर रहे.... अमर रहे.... जब तक सूरज चाँद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा... के नारों से पूरा सर्किल गुजायमान हो गया। उनके आर्दशो को आत्सात कर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। महात्मा ज्योतिबा फूले ने दलितो और अछूतों के उत्थान तथा बालिका शिक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहे वही आज सरकार भी ''बेटी पढाओ, बेटी बचाओं'' का अभ्यिान चला रही है वही महात्मा ज्योतिबाँ फूले ने 18वीं सदी में शिक्षा का अभियान घर से शुरू कर अपनी पत्नी ''सावित्री बाई फूले'' को पढाया और वो पहली भारतीय महिला अध्यापिका बनी। सभीने भारत सरकार से महात्मा ज्योतिबा फूले को ''भारत रत्न'' दिलवाने की मांग दोहराई।

मालियान सैनी पब्लिक स्कूल भजन गंज मैं भागचन्द सांखला की अध्यक्षता में दोपहर 11 बजे छात्रों साथ फूले ज्यंति मनाई जिसमें छात्रों को महात्मा फूले की जीवन पर प्रकाश डाला इसमें मुख्य अतिथि त्रिलोक चन्द इन्दौरा थे। कार्यक्रम में प्राचार्य कश्यप, महेश चौहान, सुभाष गहलोत, धमेन्द्र चौहान, सुनिता चौहान, हेमराज, राजेन्द्र बागडी, भंवर लाल सतरावला, तारा चन्द बनासिया, प्रदीप कच्छावा इत्यादि उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों को फल वितरण किया गया और चॉकलेट, टॉफी इत्यादि वितरण की गई।

अजमेर में वर्तमान में कार्यरत माली समाज की समस्त संस्थाओं ने संयुक्त रूप से महात्मा फूले जयंति पर विशाल रैली का आयोजन किया। इस रैली में महात्मा फूले की प्रतिमा की झांकी भी सजाई गई और ढोल नगाडों, डी.जे. के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। वाहन रैली का शुभारम्भ सांय 4 बजे लक्ष्मी गार्डन, धोला भाटा से शुरू होकर मेयो लिंक रोड, 9 पेट्रोल पम्प, नगरा, माटिण्डल ब्रिज, स्टेशन रोड, मदार गेट, चूडी बाजार, नया बाजार चौपड, आगरा गेट, अग्रसेन चौराहा, बस स्टैण्ड होती हुई ज्योतिबा सर्किल पहुंची रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा से पूरा मार्ग गुलाब मय हो गया। इनमें विशेष सहयोग रहा गोपाल चौहान, राजेन्द्र मोर्य, संतोष मोर्य, टीकम चन्द टांक, अजय तुनवाल, महेश चौहान, भोम जी उबाना, सतीश सैनी, प्रदीप कच्छावा, चन्द्रकांत

सैनी द्वारा नाश्ता आस्क्रीम, शर्बत, मिल्करोज की व्यवस्था थी। विशाल व भव्य वाहन रैली सांय 6 बजे पहुंची।

**दीपदान :-** सांय 7 बजे विशाल जन समूह द्वारा 1100 दीपों से के प्रज्जवलित किया गया और बैण्ड की धुन पर ढोल, नगाडों व ताशों, आतिशबाजी के साथ महाआरती की गई। थोक मालियान कहे जाने वाले अजमेर इतिहास में पहली बार माली समाज अपार जन समूहों में उपस्थित था। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा आतिशबाजी की गई जिससे सारा आसमान प्रकाशमान हो गया। इस महारैली को देख कर पुलिस प्रशासन आश्चर्य में पड़ गया और ट्रेफिक व्यवस्था बिगड गई। अजमेर शहर में चारों आर ट्रेफिक जाम हो गया। वाहन रैली का नेतृत्व महापौर धमेन्द्र गहलोत ने किया।

**संगोष्ठी व व्यख्यान माला :-** सांय 8 बजे आतिश बाजी के साथ विशाल पड़ाल में पूनम चन्द मारोठिया की अध्यक्ष्ता में महात्मा फूले व माता सावित्री बाई फूले पर व्याख्यान हुई। इसमें मुख्य अतिथि महापौर धमेन्द्र गहलोत थे। इसमें सभी ने महात्मा के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया इसमें पुष्कर से ताराचन्द गहलोत, औंकार राम कच्छावा माली समाज के समस्त पाषर्द महेश चौहान, सुभाष गहलोत, त्रिलोक चन्द इन्दौरा, सुनिता चौहान राजेश भाटी इत्यादि उपस्थित थे। तत्पश्चात सभीजन समूह ने भोज प्रसासदी लेकर महात्मा ज्योतिबा फूले जयंति का समापन किया।

**सिरोही।** स्थानीय माली समाज छात्रावास सिरोही में महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जन्म जयन्ति बडे हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम माली समाज सेवा संस्थान एवं माली वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गयी। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद् सभापति ताराराम माली एवं समाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रघुभाई माली, माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड के सानिध्य में महात्मा ज्योतिबा फूले के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर शुभांरभ किया।



इस अवसर पर सभापति ताराराम माली ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का जन्म 11.04.1827 को महाराष्ट्र राज्य के पूणे मे हुआ था। महात्मा ज्योतिबा फूले ने शिक्षा के क्षेत्र में, समाज में फैली कुरितियों को समाप्त करने, नशा मुक्ति आन्दोलन आदि के क्षैत्रों में अद्‌भूत कार्य कर समाज को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। हमें भी प्रेरणा लेकर उनके राह पर चलना चाहिए।

रघुभाई माली ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले जिन्होने ने उन्नीसवी सदी में छूआ-छूत, सतीप्रथा, बाल-विवाह तथा विधवा विवाह निषेध जैसी कुरितियों के विरूद्वअपनी पत्नि के साथ मिलकर जनसेवा कार्य किया। ऐसी समाज सुधारक को हम शत-शत नमन करते हैं। प्रताप माली ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने नारी शिक्षा एवं समाज के कमजोर वर्गो में शिक्षा का अलख जगाया था। माली युवा संगठन के जिलाध्यक्ष जगदीश माली ने बताया कि हमें आपसी भेदों को भुलाकर समाज एवं देश में नारी शिक्षा को बढ़ावा दे।

इस अवसर पर मद्रास माली वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष शान्तिलाल माली, आशापुरा टेकरी ट्रस्ट अध्यक्ष छोगाराम माली, प्रकाश बी. माली, हीरालाल माली, मगनलाल माली, नैनाराम माली, ओटाराम माली, मगनलाल सुन्देशा, छगनलाल एल. माली, मीठालाल माली, प्रकाश सी. माली, जवानाराम माली आदि दर्जनो की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**चूरू।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर सोमवार को हुए विभिन्न कार्यक्रमों में उनके आदर्शो पर चलने तथा समाज व राष्ट्रहित के कार्यो में अपना योगदान देने का आव्हान किया गया। जिला स्टेडियम के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान में सैली वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के प्रदेश महामंत्री भंवरलाल गौड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री नरेन्द्र जमालपुरिया व जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन तंवर विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान वक्ताओं फूले के आदर्शो को जीवन में उतारकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कुरीतियों से दूर रहने का भी आव्हान किया। इस मौके पर अनिल बालाण, रामरतन, जयंत परिहार, कमल सैनी, मनीष सैनी, संजय पापटाण, सुभाष पापटाण, ओमप्रकाश, राधेश्याम सैनी आदि ने फूले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान शिवभगवार तंवर, सैनी समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद सैनी, डॉ. सुशील सैनी, ख्यालीराम भार्गव, बजरंगलाल खडोलिया, राजकुमार सैनी, कुणनमल खडोलिया, सांवरलाल राकसिया, ताराचंद तंवर, श्रवणकुमार सांखला आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। शास्त्री मार्केट में हुए कार्यक्रम में भाजपा नेता डूंगरमल सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष मनीष हारित, महामंत्री अशोक





सैनी, सांवरमल सैनी, सुरेश कल्ला, आदि उपस्थित थे। देवीदास हनुमान बगीची संस्थान में महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष ओंकारमल सैनी, आशाराम सैनी, सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष भंवरलाल गौड़, सेवानिवृत प्राचार्य सत्यनारायण सैनी ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान राष्ट्रहित में फूले के योगदान के लिए भारत रत्न देने व जन्म दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग सरकार से करने का प्रस्ताव पारित किया।

**सरदार शहर।** रतनगढ़ के पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने कहा कि समाज उत्थान के लिए शिक्षा और एकता का होना जरूरी है। वे यहां सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज प्रांगण में सैनी नवयुवक मण्डल द्वारा आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में बाले रहे थे। विशिष्ट अतिथि नपा उपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पूर्व पार्षद रामचन्द्र मारोठिया, शिवभगवान सैनी, माणकचंद कम्मा, नरसीराम राखसीया, जयभगवान दईया राजगढ़, सत्यनारायण गौड़, बाबुलाल टाक सुजानगढ़, कैलाश सिंगोदिया ने संबोधित किया। अध्यक्षता राधेश्याम महवर ने की। इससे पूर्व सैनी युवा मण्डल द्वारा ताल मैदान में वाहन रैली निकाली गई। रैली आयोजन मण्डल में नवयुवक मण्डल अध्यक्ष माणकचन्द बालाण, रामनिवास टाक, मुन्नालाल राकसिया, विकास टाक, सूर्यप्रकाश राकसिया, जितेन्द्र टाक आदि ने रैली संयोजन में सहयोग दिया। सरदार शहर से मुरलीधर नपा उपाध्यक्ष, राकेश कुमार टाक पार्षद, गंगाधर टाक, भंवरलाल राकसिया, मनीषकुमार निर्वाण, कुंदनमल तंवर, रविकांत बिजवाडिया, चूरू से चन्द्रप्रकाश बालण पार्षद नेमीचन्द आदि का सम्मान किया गया।

**झुंझुनूं।** नवलगढ़ विधायक एवं पूर्व चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा




ने कहा है कि महापुरूष समाज को सही दिशा देते है। वे यहां नरनारायण मन्दिर स्थित नर्मदादेवी अतिथि भवन में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फूले के जयंती समारोह से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज दिशा विहीन न हो, इसके लिए हमें महापुरूषों के दिखाए रास्ते का ही अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत चीफ इंजीनियर मालीराम वर्मा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि नवलगढ़ पालिकाध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी, नवलगढ़ पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, मंडावा पालिका उपाध्यक्ष छोटेलाल सैनी व अब्दुल अजीज कच्छावा थे। महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष छगनलाल धूपिया ने स्वागत किया। इस मौके पर संस्थान द्वारा संचालित कोचिंग में अध्ययन कर बैंकिंग सेवाओं में चयनित हुए रजनीकांत सैनी, महेन्द्र व उमेश सैनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मदनलाल कटारिया, जिपस दिनेश सुण्डा, संतकुमार पुरोहित, नेमीचंद पूनियां, संवाईसिंह मालावत, राजेन्द्र कैलाश खडोलिया आदि मौजूद थे। संचालन महेन्द्र शास्त्री व राधेश्याम नवलगढ़ ने किया। डॉ. विकास धूपिया व संजय सिंगोदिया ने आभार जताया।



**बगड़।** महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच ने अशोक नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदायिक भवन में कार्यक्रम किया। अजा आयोग अध्यक्ष सुन्दरलाल के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला प्रमुख बनवारीलाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि चैयरमेन सुशीला बुंदेला, कासिमपुरा सरपंच मदनलाल सैनी, माखर सरपंच बंटेश देवी, समाजसेवी नेमीचंद जानू, पंस सदस्य ख्यालीराम ब्राह्मण समाज समिति बगड़ अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, एनएसयूआई के अध्यक्ष अशोक सैनी व मोहनलाल चूडीवाल थे। कार्यक्रम में मंच अध्यक्ष सतीश सैनी, पार्षद सुरेश, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बवली सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में एनएसयूआई अध्यक्ष अशोक सैनी ने जिला मुख्यालय पर फूले की प्रतिमा पर मूर्ति लगाने व फूले जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान दुल्लीचंद सैनी व भागीरथ सैनी चिडावा, गुलाबसिंह सैनी खुडाला और राजेन्द्र व शंकरलाल सैनी का उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान किया गया।

**चिड़ावा।** मोहनका की ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में सोमवार को



चिड़ावा. सैनी धर्मशाला में जयंती के उपलक्ष में महात्मा ज्योतिब फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद खड़े समाज के लोग।



महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। पार्षद शिवलाल सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज के लोगों ने महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बैठक को पूर्व पार्षद महेश कटारिया, युवा सैनी समाज के जिलाध्यक्ष मेहरचन्द कटारिया चिन्टू, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रभुलाल सैनी सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में करण सैनी नरेश सैनी, निरंजनलाल सैनी मौजूद थे। इसी प्रकार मा. हजारीलाल शर्मा मार्ग स्थित नयी सब्जी मण्डी में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सैनी के मुख्य आतिथ्य में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में श्यामसुन्दर सैनी, मुकेश सैनी, सतीश सैनी, प्रमोद वर्मा, पंकज स्वामी, सुभाष कबाड़ी, सुरेन्द्र मावंडिया और अरविन्द सैनी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।



**प्रतिभाओं का हुआ सम्मान :** पार्षद बैजनाथ सैनी अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले को भारत रत्न देने का पत्र केन्द्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष हरिराम बालान, द्वारकाप्रसाद सैनी, विलास सैनी मौजूद थे।

**जालोर।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर सोमवार को सैनी वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम की ओर से ज्योति बा फूले उमावि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए फोरम के राष्ट्रीय सहसंयोजक भभूताराम सोलंकी ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत फूले का पूरा जीवन दलितों व किसानों के कल्याणकारी जीवनपर्यन्त दलितों व महिलाओं को शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया। जिलाध्यक्ष निम्बाराम सोलंकी, प्रधानाचार्य हितेन्द्र परमार व नारायणलाल सोलंकी ने फूले का जीवन परिचय देने के साथ उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहते हुए भारत रत्न देने की मांग की। इस दौरान विक्रम सोलंकी, चेतनप्रकाश, छोगालाल, अनिल सुन्देशा, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, विनोद सुन्देशा, मोहनलाल सांखला, पुखराज माली, राजू सोलंकी, अनिल गहलोत व निम्बाराम सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

**सांचोर।** स्थानीय माली समाज धर्मशाला में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती अखिल भारतीय सैनी माली महासंघ अध्यक्ष भगवानाराम माली के मुख्य आतिथ्य एवं होथीगांव सरपंच सांवलाराम गहलोत की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि भगवानाराम माली ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा की जाग्रति के साथ समाज में फैली कुरीतियां मिटाने की बात कही। सांवलाराम गहलोत ने ज्योतिबा फूले के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस मौके पर मोहनलाल गहलोत, पीराराम परमार, रूडाराम परमार, पुनमाराम परमार, जगदीश सोलंकी, काजाराम सुन्देशा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भूपाराम, प्रागाराम, चम्पालाल निम्बज सवाराम पुरोहित तथा ईराराम सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

**भीनमाल।** माली समाज युवा संस्थान की ओर से सोमवार को स्थानीय बाबा रामदेव मन्दिर में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में छात्रावास के अध्यक्ष भारताराम सुन्देशा, पूर्व नपा अध्यक्ष जीएम परमार व नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली मौजूद थे। इस मौके छात्रावास अध्यक्ष सुन्देशा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। पूर्व नपा अध्यक्ष जीएम परमार ने ज्योतिबा फूले की ओर से बालिका शिक्षा को बढावा देने के प्रयासों की सराहना की। नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली ने फूले की ओर से जातिप्रथा व दलित शोषण के





विरूद्ध किये कार्यो से अवगत करवाया। दिनेश माली ने बताया कि समाज सुधार में फूले की प्रशंसा के चलते उन्हें मुम्बई में आयोजित सभा में महात्मा की उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीएल गहलोत ने भी विचार व्यक्त किये। सचिव मुकेश सुन्देशा ने आभार जताया। इस अवसर पर भंवरलाल सोलंकी, सांवलाराम परमार, मंगलाराम सुन्देशा, दिनेश सांखला, सुरेश परमार, दानाराम, अशोक कुमार, जितेन्द्र सांखला, मुकेश कुमार व ओमप्रकाश सहित समाज के लोग मौजूद थे।

**ज्योतिबा को भारत रत्न दिलवाने की मांग :** बैठक के बाद प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपकर महात्मा फूले व राष्ट्र की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले की ओर से समाज सुधार में किये गए सराहनीय कार्यो के लिए भारत रत्न दिलवाने की मांग की।

**ब्यावर।** ज्योतिबा फूले सैनी युवा संघ व ज्योतिबा शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष में सुबह ज्योतिबा फूले की प्रतिमा के दुग्धाभिषेक से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। युवा संघ के बद्री सामरिया ने बताया कि जागरूकता रैली गिब्सन



हॉस्टल से शुरू हुई। जो मालियान चौपड़, लोहारान चौपड़, भारत माता सर्किल, भगत चौराहा, बस स्टेण्ड होते सतपुलिया स्थित ज्योतिबा फूले सर्किल पर पहुंची। रैली को माली समाज के चारों पंचायत अध्यक्षों में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बडा बास पंचायत अध्यक्ष भागचन्द चौहान, छावनी पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सभापति प्रमोद सांखला, फुलपुरा पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण पालडिया और सभापति चौहान ने रैली को झण्डी दिखाई। इसमें बेटी बचाओ, मां सरस्वती व समाज उत्थान संबंधी झांकियों ने जागरूकता संदेश दिया। पार्षद दल की ओर से अजमेरी गेट पर स्वागत किया गया।

**जैसलमेर।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती के अवसर पर डेडानगर रोड स्थित माली समाज भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्योतिबा फूले संस्था के जिलाध्यक्ष मेघराज परिहार ने कहा कि ज्योतिबा फूले भारत रत्न के हकदार है। भारत सरकार को इस बात का ध्यान देना चाहिए। फूले ने दलितों और पिछड़ों को अग्रिम पंक्ति में खडा करने में बेहद मुख्य भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अमरसागर पूर्व सरपंच देवकाराम माली ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा फूले ने समाज में व्याप्त छूआछुत जाति प्रथा एवं पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों को विरूद्ध संगठित एवं शिक्षित समाज की स्थापा की पहल करते हुए उसे मिटाने में अभूतपूर्व योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माली समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष भगवानसिंह ने कहा कि फूले ने समाज से कुरीतियों को हटाते हुए अशिक्षा के अंधियारे को मिटाते हुए एक विकसित समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता का आव्हान किया।

सभा को विशिष्ट अतिथि देवीलाल पंवार, नाउसिंह, रमणलाल, ज्ञानचंद, हुकमाराम, रामलाल, भोजराज परिहार, रामसिंह परिहार, कमल सोलंकी, अशोक परिहार, माणकचन्द सोलंकी, शिवलाल सोलंकी, अशोक कुमार शैतानसिंह, पदमाराम भाटी, अनिल कुमार भाटी, तारासिंह ने भी सभा को सम्बोधित कर ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला।

**फूले के नाम पर मुख्य चौराहे का नामकरण :** अमरसागर सरपंच लता माली ने महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर ग्राम पंचायत अमरसागर के अमरसागर गांव के मुख्य चौराहे का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल रखने का निर्णय लिया।

**लाडूनं।** सैनी समाज की प्रतिनिधि संस्था क्षत्रिय सभा संस्थान के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को स्थानीय



सैनी अतिथि भवन में हिम्मतराम टाक की अध्यक्षता में आयोजित हुए समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व पंचायत समिति सदस्य भंवरलाल पंवार दुजार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने विपरित परिस्थितियों में समाज हित के लिए काम किया। समाज को पिछड़ेपन से निकाली कर समाज को विकास के पथ पर अग्रसर किया था। हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए आगे आना चाहिए। समारोह में सुखवीर आर्य ने महात्मा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला तथा समाज को एकजुट रखने, शिक्षा के क्षेत्र में नई उंचाईयां छूने का आव्हान किया। शिवलाल टाक व जगदीश प्रसाद आर्य ने महात्मा फूले के जीवन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि हमें सामाजिक सुधारों की दिशा में आगे बढना चाहिए। समारोह में सुधारों की क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष हिम्मताराम टाक ने महात्मा फूले के जीवन व आदर्शो को अपनाने की बता कही।

**शोभायात्रा में सजीव झांकियों ने मोहा मन :** फूले जयंती पर सुबह ग्राम मंगलपुरा के गवाड़ से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंगलपुरा से रवाना होकर करंट बालाजी मन्दिर होते हुए एनएच 65 से महात्मा फूले मार्ग होते हुए न्यू माली मोहल्ला, सैनी अतिथि भवन, बस स्टेण्ड, राहू गेट, सब्जी मण्डी, सेवक चौक, रामद्वारा रोड होते हुए मालियों का बास से होकर वापस सैनी अतिथि भवन पहुंची, जहां समारोहपूर्वक समापन किया गया। शोभायात्रा में रथ पर महात्मा फूले की तस्वीर के अलावा विभिन्न झांकियों में महात्मा फूले, सावित्री बाई फूले, भगवानराम एवं भारत माता को जीवंत रूप से सजाया गया। शोभायात्रा में बाइक एवं अन्य वाहन शामिल हुए। जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में लाडनूं के अलावा मंगलपुरा, दूजार, खानपुर, सारडी, डाबडी आदि गांवों से भी सैनी समाज के लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा में गुलाबचंद चौहान, भंवरलाल महावर, भैराराम सांखला, जंवरीमल पंवार, भंवरलाल चौहान, रामनिवास टाक, महावीर प्रसाद तंवर, बाबूलाल टाक, बजरंगलाल यादव, विकास चौहान, नरपतसिंह तूनवाल, पुखराज टाक, रामअवतार टाक, लिखमाराम जादम, नेमीचन्द मारोठिया डाबडी, लक्ष्मीनारायण मारोठिया, बख्सूराम सांखला, सोहनलाल परिहार, छगनलाल परिहार, ललित टाक, प्रेमप्रकाश आर्य, तुलसीराम महावर, गौरीशंकर टाक, पुखराज महावर, जगदीशप्रसाद टाक, हरजी सैनिक, राजेन्द्रकुमार टाक, सोनू टाक, हरिओम टाक, निर्मल आर्य शामिल थे।

**परबतसर।** फुल मालियान छात्रावास में माली, सैनी समाज के तत्वावधान में महात्मा दौरान अवसर पर समाज के लोगों ने ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर प्रेमप्रकाश दगदी, पुरूषोत्तम टाक,



गणेश सोलंकी, अशोक मारोठिया, बिरदीचंद तंवर, दिनेश खुवाल, नेमीचंद दगदी, प्रेमाराम, अम्बालाल, रमेश तुंदवाल, दिनेश तुंदवाल, सत्यनारायण मालाकार एवं समाज के लोग मौजूद थे।

**करौली।** महात्मा ज्योतिबा फले उमावि परिसर में सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम शुभारम्भ से पूर्व महात्म ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान करौली के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष व संस्था निदेशक प्रेमसिंह माली, संस्था संरक्षक सेवानिवृत प्रधानाचार्य राधेश्याम गुप्ता, संस्थाप्रधान धर्मसिंह ने फूले के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्थान जिलाध्यक्ष व संस्था निदेशक प्रेमसिंह माली ने फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्था प्रधान जेरिया ने कहा कि फूले के शैक्षणिक योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। इससे पूर्व फूले की जयंती के उपलक्ष में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता - उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही आयोजित हुई संगोष्ठियां और बैठकों में उनके द्वारा किये गए कार्यो को याद किया व उनके आदर्शो पर चलने की बात वक्ताओं द्वारा कही गई। महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से सोमवार को संस्थान की जिला शाखा कार्यालय पर फूले की जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव दानिश अबरार थे। उन्होंने ज्योतिबा फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फूले द्वारा समाज के उत्थान के लिए त्याग को हमें कभी नहीं भुलना चाहिए। हम सभी को फूले के आदर्शो को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा



फूले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, कैलाश सैनी, राधेश्याम सैनी, जयनारायण, कमलेश, कैलाश व बाबूलाल सैनी सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

**सोजत।** महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती पर आयोजन किया गया। जिसमें समाजबंधुओं द्वारा महात्मा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताये गए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मांगीलाल चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहनलाल टाक, समाज अध्यक्ष ताराचंद

टाक, भाजपा नेता आनन्द भाटी, आत्माराम टाक, श्यामलाल गहलोत, समाजसेवी सोहनलाल टाक, पूर्व पार्षद ताराचंद गहलोत सहित बड़ी संख्या में माली समाज के लोग मौजूद थे।

**रायपुर।** मारवाड़ महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच पिपलिया कलां के तत्वावधान में फूले जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती पिपलियां कलां के ज्योतिबा फूले सर्कल पर सभा हुई। इसमें अध्यक्ष सोहनलाल तंवर, ओमप्रकाश बागड़ी आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया। सभा के बाद माली समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण



किया। इस अवसर पर बंशीलाल सैनी, चम्पालाल सांखला, पुखाराम तंवर, प्रमोद बागडी, मांगीलाल सांखला, सम्पतराज तंवर आदि मौजूद थे।

**निमाज।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालियों की बाढ में सोमवार को ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। कमेटी के अध्यक्ष चन्द्राराम देवडा द्वारा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संस्था प्रधान डूंगाराम गहलोत ने ज्योतिबा की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं ज्योतिबा के पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर मांगीलाल माली, गौतम सोलंकी, शंकरलाल माली, एसएमसी अध्यक्ष पन्नालाल भाटी, अभयकरण रतनू, संगीता उज्जवल, पपीता चौधरी सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**बर।** ग्राम के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 पाबू देवरा के पास सोमवार को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने फूले के पदचिन्हों पर चलते हुए बालिका शिक्षा पर जोर दिया। इस अवसर पर महेन्द्र चौहान, योगेन्द्र गहलोत, रतनलाल बागडी, गणपतलाल बागडी, मोहनलाल बागडी, मोतीलाल बागडी, नैनाराम माली, कन्हैयालाल चौहान, हेमाराम बागडी आदि मौजूद थे।

**ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन :** दिनांक 11 अप्रेल 2016 को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्थान सचिव ओ पी सैनी ने बताया कि इस शिविर में श्री कल्याण अस्पताल की टीम के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सैनी के सहयोग से प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक 103 युनिट ब्लड रक्तदान किया गया। इस शिविर की विशेष बात है कि युवाओं के साथ ही 56 वर्षीय श्री घीसालाल जी हर्ष वाले ने रक्त देकर मिसाल कायम की। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने भारत में नारी शिक्षा का सूत्रपात किया इसीलिए इन्हें भारत रत्न दिया जाना चाहिए।

इस शिविर में सैनी वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम सैनी जागृति संस्थान, सैनी वीर फूले सेना, सैनी अधिकारी कर्मचारी संस्था एवं शहर के कई युवाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष श्री रामगोपाल सैनी, उपाध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी सैनी, शंकरलाल टाक, मदनलाल समर्थपुरा, पूर्व अध्यक्ष श्री गंगाबक्स सैनी, श्री घीसालाल सैनी हर्ष, श्री राजकुमार दैया, श्री नेमीचन्द इन्दोरिया, श्री पुरूषोत्तम सैनी, डॉ. नवीन सैनी, श्री विष्णु सैनी, सैनी समाज अध्यक्ष श्री भंवरलाल सैनी, श्री आनन्दीलाल इन्दोरिया, श्री रामवतार सैनी लक्ष्मणगढ़ सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**राजगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के तत्वावधान में सैनी धर्मशाला में फूले जयंती एवं समाज के तहसील स्तर के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से कलश यात्रा, शोभायात्रा निकाली गई। जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि सैनी महासभा अलवर के जिलाध्यक्ष पूरण सैनी ने मां सरस्वती एवं महात्मा फूले के चित्र पर पुष्प अर्जित व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर सैनी समाज के पार्षद निरंजनलाल सैनी, मुकेश सैनी, सत्येन्द्र सैनी, राजकुमार सैनी, बंशी व मनोज सैनी का सम्मान किया गया। समारोह में समाज के 120 मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ज्योति सैनी, कैलाश सैनी, मुन्ना सैनी, भगवान सैनी आदि मौजूद थे।

## ज्योतिबा जयंती पर सैनी धर्मशाला की शिलान्यास हुआ



**नारनोल।** यहां के रेवाड़ी रोड़ स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय के प्रागण में सैनी सभा द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम महाशय रामसिंह मधुर को देखरेख में समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी सुरेश सैनी ने विधिविधान व पूजा अर्चना के बीच धर्मशाला का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामसिंह सैनी, प्रेमचंद भगत व मोहर सिंह सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्योतिबा फूले की प्रतिभा पर सभी अतिथियों ने पुष्प अर्पित करके जयंती कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने दलितों व पिछड़ों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। फूले ने एक गरीब परिवार में जन्म लेकर पिछड़ों पर पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज को बुंलद किया तथा समाज को एक नई दिशा प्रदान की। सैनी ने कहा कि ज्योतिबा फूले की पत्नी माता सावित्री बाई फूले ने समाज को विशेषकर महिलाओं को शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठा, जिसकी बदौलत उन्हें

पहली महिला शिक्षिकों का गौरव हासिल हुआ।

सामारोह में कन्हैयालाल फोजिंदा सोहनलाल ठेकेदार, भगवानदास टाईप वाले, सुरेन्द्र सैनी, गोपीचंद, राजकुमार सैनी व सहारादेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे पर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम का संचालन मास्टर हुकमसिंह ने किया। इस मौके पर उपप्रधान वीरेंद्र सैनी सचिव सतीस सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंतसिंह, संचार सचिव रामचंद्र सैनी, सह सचिव भगतसिंह, राजेन्द्र सैनी, मुंशीराम सैनी, डॉ. रतन सैनी, निहाल सैनी व प्राचार्य नेतराम सैनी सहित समस्त स्टाफ भी उपस्थित था। समारोह के बाद मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया कि वे समय समय पर धर्मशाला के लिए आर्थिक सहायता देंगे तथा समाज के लोगों में जाकर धर्मशाला के चंदा राशि एकत्रित करेगें।

**धर्मशाला निर्माण के लिए दिल खोलकर दिया दान :** सैनी सभा की प्रस्तावित नव धर्मशाला के लिए ज्योतिबा फूले जयंती समारोह में कार्यक्रम के शिरकत करने वाले अतिथियों ने दिल खोलकर आर्थिक सहायता प्रदान की। सभा के मीडिया प्रभारी रामचंद्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश सैनी ने 11 लाख रूपये प्रदान किए। वही गोपीचंद सुभाष नगर वाले ने दो लाख, कन्हैयाला लाल सैनी कोजिदा ने दो लाख, संतरा देवी बड़ा बाग ने एक लाख 11 हजार महेन्द्र सैनी ने एक लाख भगवान दास टाईप वाले ने एक लाख सोहनलाल ठेकेदार ढाणी कोजिदा ने एक लाख, सुरेन्द्र सैनी राव का ने एक लाख राजकुमार सैनी ने एक लाख रूपये प्रदान किए। इसके लिए सभा के प्रधान जयप्रकाश सैनी ने सभी दानवीरों का आभार जताया।

## ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

**हनुमानगढ़।** जंक्शन में महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच के जिलाध्यक्ष हरीराम सैनी की अध्यक्षता में महात्मा फूले की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि दलित अति पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री देवीलाल वर्मा थे। वक्ताओं ने महात्मा फूले और उनकी पत्नी सावित्री देवी के कृतित्व पर प्रकाश डाला। राजस्थान दलित एवं अति पिछड़ा वर्ग समिति व सिंधु एज्युकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्ववावधान में सोमवार को मक्कासर के एकलव्य सेवाश्रम संस्थान में ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिलोचना छिम्पा थी जबकि अध्यक्षतण समिति के प्रदेश महासचिव देवीलाल वर्मा ने की। दोनों ने ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। संस्था के बच्चें ने सांस्कृति कार्यक्रम पेश किया। संस्था के प्रबंधक सुखराम मेहरड़ा ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ने सोमवार को गुरू रविदास मंदिर में ज्योतिबा फूले जंयती मनाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मनसुखजीत सिंह बंगा, दीपक बारोटिया, कौशल कुमार, राजेन्द्र माण्डया, नरेश विजय पूनियां बहादुरसिंह, भूपसिंह शक्य, श्रीराम रांगेरा, भारत भूषण, सुरजाराम दलीप मीणा व अन्य ने विचार व्यक्त किए।

**रावतसर।** महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बालाण थे। कार्यक्रम में सैनी समाज के जिलाध्यक्ष भारतेन्दु सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के रावतसर तहसील अध्यक्ष पवन विश्नोलिया, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के तहसील अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत व अन्य ने महात्मा फूले के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दस प्रतिभाशाली छात्रों व इतनी ही छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## महात्मा फूले जयंती समारोह में श्रेष्ठ स्टूडेंट्स का सम्मान किया

**भादरा।** युवा सैनी समाज की ओर से सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की 189वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता बद्रीप्रसाद सैनी ने की जबकि मुख्य अतिथि सैनी समाज के जिलाध्यक्ष भारतेंदू सैनी थे। शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले के स्मृति चिन्ह दिखाकर की गई। शिक्षा व अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मानित किया गया। स्थानिय कलाकार गौतम गोविन्दा, सूर्यप्रकाश एण्ड पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर एडवोकेट विनोद सैनी, दुर्गादत्त सैनी, भाजपा जिला मंत्री अशोक सैनी, पार्षद अनिता सैनी, सुमन सैनी, मनीषा सैनी, नागर सैनी, नंदलाल सैनी, भंवरलाल सैनी, सुरज पेन्टर, इन्द्र सैनी, बलवंत सैनी, गिरधारी सैनी, सुशील सैनी, सचिव रामानंद सैनी, अध्यक्ष बलवंत सैनी समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन दयाराम ढिल ने किया।

वीडीएस में सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयन्ती बद्री प्रसाद सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनी समाज के जिला अध्यक्ष भारतेन्दु सैनी ने इस अवसर पर उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए समाज के उत्थान के लिए शिक्षा के साथ साथ जागरूकता का आवश्यक बताया। इस अवसर पर सैनी समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

**नोहर।** सैनी समाज समिति नोहर की ओर से राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल में महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मूलचंद सांखला ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज की उन्नति में सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद व जिला आयोजन समिति के अदस्य रामस्वरूप सैनी ने संगठन को शक्ति बताते हुए समय समय पर रचनात्मक कार्यक्रम करने का आह्वान किया।

समारोह में सुरेन्द्र पंवार, पुरूषोत्तम सैनी, सुरेन्द्र सैनी, मालचंद सैनी, प्रेम

दहिया, रोहित सैनी, चन्द्र प्रकाश सैनी, सोहनलाल सैनी, सुंदर सैनी, सुरेन्द्र सैनी, सुरेन्द्र, संजय सैनी, राजकुमार सैनी, सुभाष सैनी, श्याम सुंदर सैनी सहित समाज के अनेक लोग उपसित थे। कार्यक्रम के उपरांत यहां पंचायत समिति मार्ग पर स्थित कल्याण भूमि में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतलाल सैनी ने किया।

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती की पर्व संध्या पर रविवार शाम 6.00 बजे सहकार भवन स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर 190 दीप प्रज्वलित कर जयंती समारोह की शुरूआत की गई। संस्थान के भवानीशंकर माली ने बताया कि इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष मांगीलाल पंवार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सोमवार जनप्रतिनिधिओं के सानिध्य में महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे। शाम को प्रदेश स्तरीय समारोह विद्याधर नगर सेक्टर-3 स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान में हुअस। समारोह में समाजसेवा, शिक्षा क्षेत्र व खेल जगत में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी तहर जयपुर माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्था की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह के तहत सोमवार को अंबेडकर सर्किल से ज्योतिआ फूले सर्किल तक प्रभातफेरी निकाली गई।

**हनुमानगढ़।** विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला में सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती की पूर्व संध्या पर जिला सैनी वर्ल्ड इकॅनोमिक फोरम व महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान शाखा रावतसर की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह मनाया गया। शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। शिक्षा क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, जिला महासचिव राजकुमार तंवर, वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रांतीय मंत्री भारतेंदू सैनी आदि ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रामचंद्र मावर, मूलचंदर सांखला, चौथमल, बाबूलाल गहलोत, संतलाल, विनोद सैनी, रामचंद्र भाटी, हरिराम गौड़, गणेशराम, सीताराम दईया, जयंत परिहार आदि मौजूद थे। मंच संचालन गजानंद भाटी ने किया।

नागौर। आज दिनांक 11 अप्रेल 2016 चेत्र शुल्क पच्चमी को प्रात: 9.00 बजे ''महात्मा जयोतिबा सर्कल'' नथमल प्याऊ के पास, जोधपुर रोड़-नागौर स्थान पर ज्योतिबा फूले की 189 जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी।



इस जयन्ती के दौरान माँ शारदा विद्या मंदिर ताऊसर के प्रधानध्यापक श्री भगवाना तंवर एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विरदीचंद सांखला, रामकैलाश, राजेन्द्र तंवर, जयकिशन एवं नरेशकुमार शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानध्याक ने उस जयन्ती पर अपने विचार व्यक्त किये कि वर्तमान समय में ऐसे महापुरूष के आदर्शो पर समान के प्रत्येक वर्ग को अनुसरण करना चाहिए। अस्पृश्यता समाज के लिए कंलक है इसको जड़ से उखाड़ना चाहिए। तभी देश व सम्मान का उत्थान होगा। इस जयन्ती में ताऊसर ग्राम के युवा नेता श्री तिलोकचंद देवड़ा भी उपस्थित थे। गांव के अन्य विशिष्ट व्यक्ति हुक्मीचंद सांखला, लालचंद पंवार, रामसिंह देवड़ा, प्रहलाद कच्छावा आदि उपस्थित थे।








### जैतारण में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में राज्य भर से पहुंचे समाजबंधु

# सामूहिक विवाह से बढ़ती है समरसता : श्री प्रभुलाल सैनी



जैतारण। जोधपुर रोड़ डाक बंगले के पास स्थित माली समाज छात्रावास में राजस्थान माली (सैनी) जागृति संस्थान जैतारण द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। अग्नि को साक्षी मासनकर उन्होंने ताउम्र साथ रहने का वचन लिया। विवाह की सारी समस्यों में राज्य भर से पहुंचे समाजबंधुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बंदौली में नाचते-गाते समाजबंधुओं का उत्साह देखते ही बना। अतिथि रूप में पहुंचे कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री सुरेन्द्र गोयल, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व राजसीको अध्यक्ष सुनील परिहार आदि ने वर-वधु को सुखमय जीवन की बधाई दी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज में समरसता व सद्भाव बढ़ता है। और इसी से समाज की प्रगति होती है। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री सुरेन्द्र गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में सामूहिक विवाह सम्मेलन की जरूरत है। उन्होंने संस्था से बचत के पैसा शिक्षा पर खर्च करने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियां मिटाने का आह्वान किया। संत हजारीलाल गहलोत ने भी प्रवचन दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष वे पूर्व उपप्रधान अमराराम माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैणाराम गहलोत सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन अविनाश गहलोत व मदनलाल भाटी ने किया। इस दौरान महिमा संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में यह भी रहे मौजूद : सम्मेलन में माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष उंकारराम कच्छवाहा, ब्यावर नगरपरिषद सभापति ववि‍ता चौहान, जैतारण प्रधान रसाल कंवर आकोदिया, रायपुर प्रधान शोभा चौहान, सोजत पालिका चेयरमैन मांगीलाल चौहान, जैतारण पालिका चैयरमेन मंजू भाटी, गिरी सरपंच सुमित्रा, विरांटिया सरपंच ओमप्रकाश, रामवास सरपंच केवलराम माली, खींवराज सांखला, मोहनलाल टांक, बद्रीलाल भाटी, तुलसाराम पंवार, रामनारायण सैनी, मदनलाल भाटी, बद्रीलाल भाटी निमाज, रामप्रसाद गहलोत, दयालराम पंवार आदि भी मौजूद रहे।





## जिला माली ( सैनी ) सामूहिक विवाह सामिति, अजमेर अब तक करवा चुकी है 500 जोड़ों का विवाह

# माली समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ





अजमेर। जिला माली (सैनी) सामूहिक विवाह सामिति (रजि.)के तत्वधान में माली समाज का बारहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 15 अप्रैल 2016, शुक्रवार, द्धरामनवमीत्र्क को आजाद पार्क, अजमेर में किया गया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोडे पाणिग्रहण-सूत्र में बंध कर अपनी गृहस्थ जीवन की शुरूआत की।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री टीकमचन्द टांक, अध्यक्षता श्री त्रिलोकचन्द इंदौरा ने की। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथिगण श्री वासुदेव देवनानी, श्री धमेन्द्र गहलोत, माली समाज के समस्त पाषर्दगण फूल मंडी अध्यक्ष पूनम चन्द मारोठिया, ईश्वर धारीवाल दिलीप गढवाल, पदम चन्द्र गहलोत, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, घनश्याम बनिष्ठया, चौहान चेतन सैनी समस्त वर्तमान मे पार्षद संतोष मोर्य वीना टांक, उर्मिला गढवाल, गोपाल चौहान, महेन्द्र जादम, विजय सिंह गहलोत इत्यादि उपस्थित थे।

सजी-दजी बारात गाजे-बाजे व महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा की शोभा यात्रा के साथ प्रात: 10 बजे मालियान धर्मशाला से प्रारम्भ होकर शहर के मार्ग-के.सी. कॉम्पलेक्स, फुवारा चौराहा, टेलिफोन एक्सजेंच, आगरागेट चौराहा, किशनगढ कोठी, पावर हाऊस के सामने, सूचना केन्द्र चौराहा, जिलाधीश कार्यालय के पीछे से होती हुई आजाद पार्क दोपहर 12 बजे पहुँची। बारात का शहरों में जगह-जगह स्वागत द्वार लगाये गये और नाश्ता , आस्क्रीम, मिल राज शर्बत, छाछ द्वारा स्वागत किया गया।

